# म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

## पुलिस मुख्यालय,गृह (पुलिस) विभाग मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत सूबेदार/उपनिरीक्षक संवर्ग की भर्ती मुख्य परीक्षा द्वितीय चरण –2025 (अंतिम चरण)

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा आयोजित पुलिस मुख्यालय,गृह (पुलिस) विभाग मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत सूबेदार/उपनिरीक्षक संवर्ग की भर्ती द्वितीय चरण का आयोजन दिनांक 29.04.2026 म.प्र. के 2 शहरों भोपाल, जबलपुर, में किया गया था। उक्त परीक्षा के प्रथम चरण मुख्य परीक्षा का परिणाम दिनांक 18 मई 2026 को घोषित किया गया। इसके आधार पर पुलिस विभाग के स्तर से द्वितीय चरण की कार्यवाही उपरांत केवल 87 प्रतिशत मुख्य भाग (14 प्रतिशत ओ.बी.सी. पदों के साथ) का अंतिम परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है, जिसके प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. उक्त परीक्षा के लिखित परीक्षा परिणाम में द्वितीय चरण की परीक्षा में कुल 5113 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए, जिनके सीटों के 3 गुना 1692 अभ्यर्थी (87 प्रतिशत + 13% UR+13%OBC) पी.पी.टी. एवं साक्षात्कार के लिए पुलिस विभाग को दिये गये। जिसके अनुसार पुलिस विभाग द्वारा पी.पी.टी. एवं साक्षात्कार में उपस्थित अभ्यर्थियों के परिणाम से संबंधित जानकारी, अभिलेख व डाटा सीलबंद लिफाफे में मण्डल कार्यालय को उपलब्ध करवाया गया था।

2. मुख्य परीक्षा में प्राप्त अंको में पी.पी.टी. एवं साक्षात्कार के अंको को जोडकर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है। नियमपुस्तिका में दिए गए प्रावधान अनुसार समान प्राप्तांक वाले अभ्यर्थियों की पारस्परिक वरीयता का निर्धारण आयु में वरीष्ठता के आधार पर किया गया है।

3. नियमपुस्तिका के अध्याय–1 के सरल कमांक 12 के अनुसार लेख है कि सामान्य प्रशासन विभाग मध्यप्रदेश शासन आदेश कमांक सी 3–9/2019/1/3 दिनांक 22.02.2022 एवं समसंख्यक आदेश दिनांक 14.12.2022 एवं कमांक सी–3–9/2019/1/3 भोपाल दिनांक 06.04.2023 के अनुसार प्राप्तांकों के पांच प्रतिशत अंक, अतिरिक्त रूप से प्रदान किये जाएंगे। यह लाभ केवल प्रथम चरण प्रारंभिक परीक्षा के लिये लागू होगा।

4. नियमपुस्तिका में उल्लेखित प्रावधान अनुसार महिला, पुलिस विभाग एवं भूतपूर्व सैनिक संवर्ग में आवश्यकतानुसार उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के फलस्वरूप रिक्त रहे पदों को संबंधित श्रेणी के "बिना वर्ग/ओपन" में परिवर्तित किया गया।

5. लिखित परीक्षा परिणाम एवं अंतिम परीक्षा परिणाम में पदवार, श्रेणीवार व संवर्गवार कटऑफ अंकों की जानकारी परिणाम संक्षेपिका के साथ संलग्न की गई है।

6. तद्नुसार तैयार किया गया परीक्षा परिणाम साफ्टकॉपी व हार्डकॉपी में पुलिस विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा, जिसके आधार पर अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता व दस्तावेजों की पुनः जॉच /परीक्षण तथा पदस्थापना से संबंधित समस्त कार्यवाहियाँ पुलिस विभाग के स्तर से सुनिश्चित की जायेगी।

7. अंतिम परीक्षा परिणाम की जानकारी ई.एस.बी. की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई जायेगी, जहॉ से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकेंगे।

8. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।

भोपाल,
दिनांक : 06 जुलाई 2026

नियंत्रक
म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल